**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 463**
**(03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

# पीएमएवाई-जी के लाभार्थी

**463. श्री जी. सेल्वम:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों सहित तमिलनाडु में प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत स्वीकृत, निर्मित और लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों की जिला -वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) कांचीपुरम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित लाभार्थियों की संख्या कितनी है और पात्र जनसंख्या में उनकी आनुपातिक हिस्सेदारी का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या योजना के विस्तार के बावजूद कांचीपुरम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में पात्र परिवार अभी भी कच्चे घरों या अत्यधिक भीड़भाड़ वाले आवासों में रहने को मजबूर हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) लंबित आवासों के निर्माण में तेजी लाने , किस्तों को समय पर जारी करने और नवनिर्मित कॉलोनियों में बुनियादी सेवाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)**

(क) ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों में "सभी के लिए आवास" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) कार्यान्वित कर रहा है, ताकि मार्च 2029 तक बुनियादी सुविधाओं के साथ 4.95 करोड़ पात्र ग्रामीण परिवारों को सहायता प्रदान की जा सके। इस योजना के तहत, तमिलनाडु राज्य को कुल 9,57,825 घरों का लक्ष्य आवंटित किया गया है , जिसमें से 28.01.2026 तक 7,36,610 घर स्वीकृत किए जा चुके हैं और 6,63,247 घर पूरे हो चुके हैं।

तमिलनाडु में पीएमएवाई -जी के तहत आवंटित लक्ष्यों , स्वीकृत घरों और पूर्ण किए गए घरों (कांचीपुरम और चेंगलपट्टू सहित) का जिला-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) और (ग): पीएमएवाई-जी के तहत , लाभार्थियों की पहचान सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) 2011 डेटाबेस और अंतिम आवास+ (2018) सर्वेक्षण सूची में निर्धारित आवास अभाव मापदंडों और बहिष्करण मानदंडों के आधार पर की जाती है। इस प्रकार एसईसीसी और आवास+ डेटा का उपयोग करके तैयार की गई प्राथमिकता सूचियों को ग्राम सभा (जीएस) द्वारा सत्यापित किया जाता है। अपीलीय समिति द्वारा ग्राम पंचायत के सभी मामलों के निपटारे के बाद , प्रत्येक श्रेणी के लिए ग्राम पंचायत वार अंतिम स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल), जिसमें प्रत्येक परिवार के लिए एक अलग रैंक होती है , ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर प्रकाशित की जानी चाहिए और व्यापक रूप से प्रकाशित की जानी होती है। इसके बाद स्थायी प्रतीक्षा सूची को पीएमजीएसवाई की वेबसाइट पर डाला जाता है।

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसार , 2 करोड़ घरों के अतिरिक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए , आवास+ 2024 मोबाइल ऐप के माध्यम से ई -केवाईसी चेहरा -आधारित प्रमाणीकरण और संशोधित बहिष्कीरण मानदंडों का उपयोग करते हुए आवास + सर्वेक्षण 2024 के माध्यम से अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों की पहचान की गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र परिवार पीछे न छूटे , आवास+ 2024 ऐप में स्व-सर्वेक्षण की सुविधा दी गई थी।

पीएमएवाई-जी के प्रावधानों के अनुसार , अनुसूचित जाति (अ.जा.) / अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) लाभार्थियों के लिए न्यूनतम 60% लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है। हालांकि , अल्पसंख्यकों के लिए लक्ष्यों का कोई अलग निर्धारण नहीं है और ये लाभार्थी, लाभार्थियों की "अन्य श्रेणी" का हिस्सा हैं।

पीएमएवाई-जी का संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार का विवरण नहीं रखा जाता है। कांचीपुरम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चेंगलपट्टू और कांचीपुरम जिलों में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और "अन्य श्रेणी" से संबंधित लाभार्थियों की संख्या इस प्रकार है:

| | | | राज्यों द्वारा स्वीयकृत | | | पूरे किए गए घर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **जिले का नाम** | **जिलों द्वारा निर्धारित लक्ष्यद** | **अ.ज.जा** | **अ.जा.** | **अन्य.** | **अ.ज.जा** | **अ.जा.** | **अन्य.** |
| 1 | चेंगलपट्टू | 25179 | 748 | 21271 | 10229 | 720 | 19332 | 9635 |
| 2 | कांचीपुरम | 37658 | 378 | 6608 | 5114 | 374 | 6477 | 5055 |
| | **Tot al** | **62837** | **1126** | **27879** | **15343** | **1094** | **25809** | **14690** |

(घ) पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए , अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण को प्रोत्साहित किया जाता है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, शौचालयों के निर्माण के लिए स्वच्छ भारत मिशन -ग्रामीण (एसबीएम-जी) या वित्त पोषण के किसी अन्य विशिष्ट स्रोत के साथ अभिसरण का लाभ उठाया जाना होता है। पाइप से पेयजल, बिजली कनेक्शन, एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए अभिसरण और बेहतर आजीविका के अवसरों का पता लगाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के माध्यम से पीएमएवाई -जी परिवारों की महिला सदस्यों को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के दायरे में शामिल करने का कार्य भी

किया जाता है। इसके अतिरिक्त , मंत्रालय योजना के तहत लंबित घरों के निर्माण में तेजी लाने के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है, जिनमें से कुछ नीचे दिए गए हैं:

i. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लक्ष्यों का समय पर आवंटन।
ii. योजना की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए पीएमएवाई-जी एनालिटिक डैशबोर्ड की शुरूआत।
iii. नवीनतम आईटी उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करके घरों की स्वीकृति और उनके पूर्ण होने की निगरानी।
iv. राज्यों के साथ नियमित समीक्षा।
v. उन घरों को पूरा करने में तेजी लाना जहां निधि की तीसरी या दूसरी किस्त जारी की जा चुकी है।
vi. राज्यों/ संघ राज्या क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार निधि समय पर जारी करना।
vii. पीएमएवाई-जी के भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि प्रदान करने के संबंध में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई।

****

**अनुबंध-I**

पीएमएवाई-जी के अंतर्गत तमिलनाडु (कांचीपुरम तथा चेंगलपट्टू सहित) में आवंटित लक्ष्यों, स्वीकृत और पूर्ण किए गए घरों के जिला -वार विवरण के संबंध में लोक सभा में दिनांक 03.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 463 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(संख्याए में इकाईयां)

| क्र. सं. | जिले का नाम | राज्यक द्वारा आवंटित लक्ष | राज्यों द्वारा स्वी कृत घरों की सं | पूर्ण घरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरियालूर | 23,016 | 19,886 | 16,981 |
| 2 | चेंगलपट्टू | **25,179** | **32,248** | **29,687** |
| 3 | कोयंबत्तूर | 2,986 | 2,838 | 2,814 |
| 4 | कुड्डालोर | 65,137 | 47,589 | 37,661 |
| 5 | धर्मपुरी | 27,844 | 23,215 | 22,618 |
| 6 | डिंडीगुल | 7,447 | 6,983 | 6,950 |
| 7 | इरोड | 8,876 | 7,881 | 7,851 |
| 8 | कल्लाकुरिची | 27,146 | 44,470 | 39,390 |
| 9 | कांचीपुरम | **37,658** | **12,100** | **11,906** |
| 10 | कन्या6कुमारी | 3,738 | 2,481 | 2,480 |
| 11 | करूर | 5,679 | 5,489 | 5,489 |
| 12 | कृष्णागिरी | 28,135 | 19,504 | 19,316 |
| 13 | मदुरै | 10,130 | 7,814 | 7,584 |
| 14 | मायिलादुथुरई | 19,973 | 32,410 | 27,243 |
| 15 | नागापट्टिनम | 60,074 | 30,900 | 26,439 |
| 16 | नामक्कल | 8,745 | 8,459 | 8,459 |
| 17 | पेरम्बलुर | 17,495 | 12,255 | 10,696 |
| 18 | पुदुक्कोट्टई | 39,970 | 28,309 | 25,175 |
| 19 | रामनाथपुरम | 22,313 | 17,024 | 16,415 |
| 20 | रानीपेट | 9,546 | 11,852 | 11,185 |
| 21 | सेलम | 28,907 | 25,894 | 24,754 |
| 22 | शिवगंगा | 16,850 | 10,493 | 10,104 |
| 23 | तेनकासी | 8,231 | 12,706 | 12,560 |
| 24 | तंजावुर | 47,021 | 37,233 | 32,476 |
| 25 | नीलगिरी | 2,561 | 2,555 | 2,547 |
| 26 | थेनी | 2,432 | 1,985 | 1,912 |
| 27 | थुथुकुडी | 6,294 | 5,258 | 5,214 |
| 28 | तिरुचिरापल्ली | 25,269 | 21,079 | 20,805 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **29** | तिरुनेलवेली | 20,273 | 9,915 | 9,654 |
| **30** | तिरुपत्थुलर | 11,866 | 19,317 | 18,800 |
| **31** | तिरुपुर | 4,485 | 4,318 | 4,298 |
| **32** | तिरुवल्लुर | 21,929 | 20,079 | 18,947 |
| **33** | तिरुवन्नामलाई | 65,835 | 48,576 | 46,938 |
| **34** | तिरुवरुर | 73,240 | 52,538 | 38,743 |
| **35** | वेल्लोर | 41,087 | 14,833 | 13,871 |
| **36** | विल्लुपुरम | 1,22,676 | 68,359 | 57,557 |
| **37** | विरुधुनगर | 8,126 | 7,765 | 7,728 |
| | **कुल** | **9,58,169** | **7,36,610** | **6,63,247** |